
# सल्फ़ामैथोएज़ोल/ट्राएमेथुप्रिम (SULFAMETHOXAZOLE /TRIMETHOPRIM)

- इसे सैप्ट्रा®, सल्फ़ाट्रिम®, बैक्ट्रिम®, कोट्रिमौक्सेज़ोल के नाम से भी जाना जाता है।
- यह दवा खाने वाली गोली और यदि ज़रूरी हो, तो विशेष रूप से तैयार की गई पीने वाली दवा के रूप में उपलब्ध है।
- इस दवा के लिए BC ट्रांसप्लांट द्वारा फ़ंड नहीं दिए जाते और इसे अपनी पसंद की फार्मेसी से ख़रीदा जा सकता है।

## यह दवा कैसी दिखती है?(What does the medication look like?)

इस दवा के कई ब्रांड हैं और हो सकता है कि आपको नीचे दिखाए गए ब्रांड वाली दवा बिल्कुल भी न मिल पाए। यदि आपके कोई प्रश्न हैं, तो कृपया अपने ट्रांस्प्लांट फार्मासिस्ट से संपर्क करें।

| सल्फ़ामैथोएज़ोल/ट्राएमेथुप्रिम गोली (एकल ताकत) | सल्फ़ामैथोएज़ोल/ट्राएमेथुप्रिम गोली (दोगुना ताकत) |
|---|---|
|  |  |

## यह दवा किस बीमारी के लिए है? (What is this medication for?)

यह एंटीबायोटिक का एक सम्मिश्रण है, जिसका उपयोग फफूंद के कारण होने वाले फेफड़ों के एक प्रकार के संक्रमण की रोकथाम करने या उसका इलाज करने के लिए किया जाता है, जिसे PCP या PJP कहा जाता है। इस प्रकार का संक्रमण उन रोगियों में अधिक होता है, जिनकी प्रतिरक्षा-प्रणाली कमज़ोर (उदाहरण के लिए अंग के ट्रांस्प्लांट के बाद) होती है।

## मुझे यह दवा कैसे लेनी चाहिए? (How should I take this medication?)

| | | |
|---|---|---|
| | यह दवा **दिन में एक बार** लें (उदाहरण के लिए सुबह 9 बजे) | आपकी दवा के समय: _______________ |
| | यदि आप यह दवा हफ़्ते में तीन बार लेते हैं | आपकी दवा के समय और हफ़्ते के दिन: |

- यह दवा भोजन के साथ या बिना भोजन के ली जा सकती है।
- यह दवा दिन में किसी भी समय ली जा सकती है और इसे आप अपनी किसी भी अन्य दवाओं के समय पर ले सकते हैं। अपने शरीर में स्थिर मात्रा (दवा का स्तर) बनाए रखने के लिए इसे रोज़ाना एक ही समय पर लेना बहुत अच्छी बात है।
- इस दवा के साथ गिलास भर कर पानी पीएं। ऐसा करने से किडनी में पथरी बनने से रोकने में मदद मिलती है।

***<u>चेतावनी:</u> यह दवा सल्फ़ा दवाओं की श्रेणी से संबंधित है और यदि आपको सल्फ़ा दवाओं से एलर्जी है, तो अपने डॉक्टर को बताना बहुत ज़रूरी है।***

## **छूटी हुई ख़ुराक या उल्टी द्वारा निकली ख़ुराक(Missed Dose or Vomited Dose):**

**यदि आपसे ख़ुराक छूट गई है,** जैसे ही आपको याद आए, अपनी दवा लें और फिर अपनी अगली ख़ुराक नियमित तौर पर निर्धारित समय पर लें। यदि आपकी अगली ख़ुराक लेने में बहुत अधिक समय नहीं बचा है, तो अपनी छूटी हुई ख़ुराक न लें और अपने नियमित समय पर ख़ुराक लेना जारी रखें। दोगुनी या अतिरिक्त ख़ुराक न लें।

**यदि** खुराक लेने के 30 मिनट के भीतर **आपको उल्टी** हो जाती है या यदि आप देखते हैं कि कोई दवा बाहर निकली है, तो खुराक दोबारा लें। नहीं तो,बस अपने अगले निर्धारित समय पर ख़ुराक लेते रहें।

## **इस दवा के कुछ संभावित दुष्प्रभाव क्या हैं? What are some possible side effects of this medication?**

| *दुष्प्रभाव* | **प्रबंधन** |
|---|---|
| *मतली, उल्टी आना, दस्त* | यह दुष्प्रभाव कम करने के लिए भोजन के साथ दवा लें। यदि यह परेशान करने वाले हैं या बने रहते हैं, तो अपने डॉक्टर को बताएं। |
| *चक्कर आना* | यदि यह परेशान करने वाले हैं या बने रहते हैं, तो अपने डॉक्टर को बताएं। |
| *धूप से संवेदनशीलता* | तेज़ धूप वाले दिनों में बाहर निकलते समय हैट, पूरी बाज़ू वाली कमीज़ और लंबी पैंट या स्कर्ट पहनें। कम से कम 30 SPF (धूप से बचाव-कारक) के साथ धूप से बचाव करने वाला लोशन लगाएं। |
| **त्वचा पर लाल चकते या ख़ारिश** | जल्द से जल्द अपने डॉक्टर या ट्रांस्प्लांट टीम को बताएं |